तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 16 जनवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 चचिया धान खरीदी केंद्र में जा धमका था दंतैल, नहीं कर पाया चट



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन हेतु बैठक 19 को

**कोरबा।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम 25 जनवरी के आयोजन हेतु 19 जनवरी को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष कोरबा में बैठक आयोजित की गई है। सर्व संबंधितों को बैठक में उपस्थित होने कहा गया है।

### कैलेण्डर वर्ष 2026 में जिले के लिए स्थानीय अवकाश घोषित

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिले के लिए कैलेण्डर वर्ष 2026 में तीन दिन स्थानीय अवकाश की घोषणा की है। जारी आदेश के अनुसार कैलेण्डर वर्ष 2026 में रथ यात्रा के अवसर पर 16 जुलाई दशहरा (महाअष्टमी) 19 अक्टूबर तथा दीपावली का दूसरा दिन (गोवर्धन पूजा) 9 नवंबर को सम्पूर्ण दिवस के लिए स्थानीय अवकाश रहेगा। यह अवकाश कोषालय, उपकोषालय एवं बैंको के लिए लागू नहीं होगा।

### दो दिवसीय पाली महोत्सव हेतु चयन समिति गठित

**कोरबा।** जिले में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दो दिवसीय पाली महोत्सव 15 एवं 16 फरवरी को विकासखंड पाली के ग्राम केराझरिया में किया जायेगा। कार्यक्रम में जिले के प्रतिष्ठित/ख्याति प्राप्त सांस्कृतिक कलाकार जो देशभक्ति, छत्तीसगढ़ी गीत, लोक नृत्य, नृत्य नाटिका, शास्त्रीय संगीत एवं गायन के अंतर्गत अपनी प्रस्तुति दे सकते हों, ऐसे कलाकारों से निर्धारित प्रारूप में प्राप्त आवेदनों के चयन हेतु चयन समिति का गठन कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत द्वारा किया गया है।

# युक्तियुक्तकरण के बाद बदला मिडिल स्कूल का सेटअप, अब एचएम, तीन शिक्षक रहेंगे पदस्थ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

युक्तियुक्तकरण के बाद मीडिल स्कूल के सेटअप में बदलाव कर दिया गया है। अब एचएम के साथ तीन शिक्षकों की पदस्थापना होगी। जबकि वर्ष 2008 के सेटअप में एक एचएम, 4 शिक्षक की पदस्थापना होती थी। युक्तियुक्तकरण के बाद लागू हुए नए सेटअप के बाद जिन स्कूलों में शिक्षकों के पद रिक्त हैं वहां मानदेय शिक्षक ही शिक्षा व्यवस्था संभाल रहे हैं।

प्राइमरी स्कूल से लेकर हाईस्कूल तक शिक्षकों की पोस्टिंग युक्तियुक्तकरण 2025 के तहत बीते जून माह मे की गई थी। शासन की इस युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में स्कूल बंद हुए वहीं शिक्षकों के पद भी खत्म कर दिए गए। इस प्रक्रिया के तहत राज्य शासन के द्वारा वर्ष 2008 के शिक्षा सेटअप के अनुसार मीडिल स्कूल में एक एचएम और 4 शिक्षक के पद स्वीकृत किए गए थे। 17 साल बाद जो सेटअप लागू किया गया उसमें मीडिल ⏭ शेष पेज 3 पर

## रिक्त पदों में मानदेय शिक्षक संभाल रहे शिक्षा व्यवस्था

**खास बातें**

- 2008 के सेटअप में एक एचएम, 4 शिक्षकों की होती थी पदस्थापना
- मानदेय शिक्षक हैं पदस्थ



### भर्ती के बाद भी खाली रहेंगे पद

व्यापमं के माध्यम से स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा की जाने वाली भर्ती के बाद भी शिक्षक व सहायक शिक्षक के पद संभवतः खाली रह जाएंगे। जिले में रिक्त पद के हिसाब से सभी स्कूलों में भर्ती के बाद भी शिक्षक नहीं मिल सकेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा प्रदेश भर से मंगाई गई रिक्त पदों की जानकारी के अनुसार सभी रिक्त पदों पर भर्ती करना मुश्किल प्रतीत हो रहा है।

## स्कूलों में शिक्षकों के सैकड़ों पद रिक्त

हाल ही में स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा स्थानांतरण और पदोन्नति जो प्रक्रिया शुरु की गई उसके तहत मीडिल स्कूल और प्राइमरी स्कूलों में शिक्षकों के सैकड़ों पद रिक्त हो गए। राज्य शासन के द्वारा भर्ती की प्रक्रिया शुरु करने के लिए सभी जिलों से रिक्त पदों की जानकारी मंगाई गई है। जिले में प्राइमरी स्कूल के लगभग 13 सौ पद सहायक शिक्षक के और 8 सौ पद मीडिल स्कूल में शिक्षक के खाली हैं। जिनमें भर्ती की प्रक्रिया नया शिक्षण सत्र शुरु होने के पूर्व की जाएगी। जिले में सहायक शिक्षक और शिक्षक के कितने पदों पर भर्ती होगी इसकी जानकारी स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा भर्ती होने के दौरान जारी होने वाले ज्ञापन से मिल सकेगी।

## करतला वन परिक्षेत्र के ग्राम चिकनीपाली की घटना

# जंगली सुअर अपने शावकों के साथ गिरा कुंए में, वन अमले ने किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वनांचल क्षेत्र में विचरण कर रहे जंगली सूअर अपने शावकों के साथ एक कुएं में गिर गया था जैसे ही

**खास बात**

- एक मादा, 2 नर शावक सहित 6 जंगली सुअर गिरा था कुए में

इसकी सूचना वन विभाग के अफसर को मिला वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और कुएं में गिरे जंगली सूअर व उसके शावकों का सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर जंगल



कुंए में गिरा जंगली सुअर।



रेस्क्यू के बाद जंगल की ओर भागता सुअर।

में छोड़ा गया। मामला कोरबा और करतला वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम चिकनीपाली की है।

बताया जाता है कि करतला परिक्षेत्र के अंतर्गत बरपाली के चिकनीपाली परिसर अंतर्गत आने वाले ग्राम चिकनीपाली से लगे कक्ष क्रमांक ओ.ए. 1491 बम्हनीन पहाड़ से 6 जंगली सुअर 1 मादा, 2 नर एवं 3 शावक सहित चिकनीपाली बस्ती राजस्व क्षेत्र में बने कुंआ में गिर गया है। जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा वन विभाग के अधिकारियों को दिया गया। वन मंडला अधिकारी प्रेमलता यादव के निर्देश पर उपवनमण्डलाधिकारी दक्षिण कोरबा एवं श्रीमति अर्चना पैकरा, वन परिक्षेत्र अधिकारी करतला के निर्देशानुसार वन विभाग की टीम मौका स्थल पर पहुंची। मौका पर जाकर देखने से पता चला कि कुंआ में 6 जंगली सुअर गिरा हुआ है जो जीवित स्थिति में है जिसका वन विभाग के वनाधिकारियों द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से एक-एककर 6 जंगली सुअरों ⏭ शेष पेज 3 पर

# हाईटेंशन तार की चपेट में आने से दो श्रमिक झुलसे, बस्ती के आधा दर्जन घरों में शॉर्ट सर्किट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बुधवारी बस्ती के खपराभट्ठा में गुरुवार का उस समय अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हुई जब एक

**खास बात**

- सीएसईबी चौकी क्षेत्र के बुधवारी खपराभट्ठा में हुई घटना, पुलिस ने मामला किया दर्ज

निर्माणधीन मकान के छत पर काम कर रहे मजदूर 132केवी लाइन की चपेट में आ गए। जिसकी जद में आते ही आसपास क्षेत्र के कई मकानों में शॉर्ट सर्किट हो गया और दोनों मजदूर बुरी तरह से झुलस गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और उसकी मदद से करंट की चपेट में आए दोनों युवकों को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है, जहां दोनों की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने मामले में वैधानिक



झुलसा श्रमिक।

कार्रवाई कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत बुधवारी बाजार बस्ती के खपराभट्ठा मोहल्ले में अंजू मिस्त्री नामक महिला के घर के ऊपरी मंजिल का निर्माण काम चल रहा था। रोज की तरह बांगो थाना क्षेत्र के मानिकपुर निवासी छत्रपाल उम्र मरकाम 45 वर्ष और करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केराकछार निवासी 35 वर्षीय सुबोध राठिया अपने अन्य सहकर्मी के साथ अंजू मिस्त्री के ऊपरी मंजिल में निर्माण कार्य कर रहे थे। इसी दौरान सुबह लगभग 10:30 ⏭ शेष पेज 3 पर



## खबर संक्षेप

### दूसरे की जमीन बेचने का झांसा, 11 लाख ठगी

**बिलासपुर**। फर्जी पावर ऑफ अटर्नी से दूसरे की जमीन को बेचने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 11 लाख रुपए की ठगी करने वालों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन थाना के एसआई ओमप्रकाश कुर्रे ने बताया, जरहाभाठ एकता कालोनी राहलकर गली निवासी अमित भास्कर ने रिपोर्ट लिखाई। सूर्या साहू, संदीप बंजारे एवं अन्य ने उन्हें एक पावर ऑफ अटनी दिखाकर जमीन बेचने का सौदा किया। उनके बीच सौदा तय होने पर श्री भास्कर ने उन्हें 11 लाख रुपए दे लिया। उसके बाद उन्होंने जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए कहा तो वे लोग बहानेबाजी कर टालने लगे। उन्होंने जमीन मालिक की जानकारी लेकर उनके पास गए तो उन्हें पता चला कि युवकों ने फर्जी महिला खड़ी कर फर्जी पावर ऑफ अटर्नी दिखाकर उनसे जमीन बेचने के एवज में 11 लाख रुपए ठग लिया है। उन्होंने पैसा वापस मांगा तो लौटाने से इनकार कर दिया। पुलिस ने अमित भास्कर की रिपोर्ट पर सूर्या साहू, संदीप बंजारे एवं अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

### बैंक खाता खोलकर 5 लाख 51 हजार की धोखाधड़ी

**बिलासपुर**। ग्रामीण के नाम पर बैंक खाता खोलकर उससे 5 लाख 51 हजार का लेनदेन कर धोखाधड़ी करने वाले दो युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।



सकरी पुलिस के अनुसार, अमेरी निवासी सूर्यदेव मंगेशकर पिता लीलाराम मंगेशकर 24 साल ने रिपोर्ट लिखाई। उनको इंडियन ओवरसीज बैंक में लाकर जबरदस्ती उनके नाम से बैंक खाता खुलवाकर तत्काल उनसे एटीएम व पासबुक लेकर याकिब खान, पवन मंगेशकर ने अपने पास रख लिया था। उसके बाद उक्त बैंक खाते से 5 लाख 55 हजार 473 रुपए का लेनदेन किया गया है। पुलिस ने सूर्यदेव की रिपोर्ट पर दोनों युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### करंट से ग्रामीण की मौत फरार दो आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर**। शिकार के लिए लगाए कांटा तार के करंट से ग्रामीण की मौत के मामले में फरार दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोटा टीआई नरेश चौहान ने बताया, 29 अक्टूबर 2025 को ग्राम धूमा छेरहापारा निवासी अयोध्या सिंह खुशरों 35 साल गांव के लोगों के साथ डिडोर के जंगल में जगली जानवर के शिकार करने गए थे। जानवरों के शिकार के लिए उन लोगों ने जंगल के बीच करंट का कांटा तार फैलाया गया था। उक्त कांटा तार के करंट की चपेट में आकर अयोध्या खुसरो की मौत हो गई थी। पकड़े जाने के भय से उसके साथियों ने उसका उठाकर दूसरे जगह लेकर गए और लाश जला दी थी। 15 जनवरी को उक्त मामले में फरार आरोपी मालिकराम मरावी पिता नैन सिंह मरावी 27 साल धनरास कोटा, नवापरिहा उर्फ मनहरण सिंह पिता झैनू सिंह मरावी 50 साल नर्मदा डिंडोल कोटा निवासी को गिरफ्तार कर लिया है।


**बिलासपुर वन मंडल की योजना** — बोइर पड़ाव में किया गया था 12 साल पहले काम, 22 लाख में बनाए गए कैंप में नहीं हो रही थी बुकिंग

# समितियों के हाथों में सौंपी गई खोंदरा के नेचर कैंप की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन मंडल बिलासपुर का बोइरपड़ाव में सबसे चर्चित रिसॉर्ट अब पूरी तरह से जर्जर हो गया है। इसे संवारने के लिए वन विभाग के पास पैसा नहीं है और शासन से भी किसी तरह की राशि नहीं मिल रही थी। इसके कारण अब नेचर कैंप को नई स्तर से बनाने के अलावा गांव की समितियों को चलाने की जिम्मेदारी सौंप दी गई है।

नेचर कैम्प वन विभाग की महत्वपूर्ण योजना है। कुछ प्रमुख वन मंडलों में नेचर कैम्प बनाने की योजना थी। जब इन वन मंडलों की सूची में बिलासपुर वन मंडल का नाम शामिल हुआ था तो इस बात की प्रसन्नता हुई कि विभाग पर्यटकों को एक बड़ी सौगात दे रहा है। बिलासपुर वन मंडल ने शहर से करीब 55 किलोमीटर की दूरी पर खोंदरा के बोइरपड़ाव में वर्ष 2013-14 में नेचर



कैम्प का निर्माण कार्य किया। जंगल के बीचो बीच विभागीय अफसरों ने करीब 7 टेंट बनाए, जिसमें पर्यटकों के आराम के लिए बेड, खाने-पीने के लिए टेबल कुर्सियां, लाइट की भी सुविधा दी गई। अस्तित्व में आने के बाद नेचर कैम्प पर्यटकों के बीच लोकप्रिय हो गया। इसकी वजह नेचर कैम्प के पीछे प्रकृति का भव्य नजारा था। घनघोर जंगल के बीच चट्टान और उसमें बहता पानी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र था। करीब 22 लाख रुपए से अधिक की लागत से बनाए गए नेचर कैम्प की कुछ दिन पहले तक न तो बुकिंग होती और न ही पर्यटकों को इस क्षेत्र में सैर करने की अनुमति दी जा रही थी। जर्जर हो रहे नेचर कैम्प को संवारने के लिए वन विभाग बिलासपुर के अफसरों ने ईस्टीमेट और बजट बनाकर कई बार मुख्यालय को भेजा, लेकिन मुख्यालय ने बजट स्वीकृत के लिए किसी तरह की अनुमति नहीं दी गई। बजट के अभाव में विभाग नेचर कैम्प की मरम्मत भी नहीं कराया जा रहा था। असुविधा और विभाग की बेवजह की सख्ती के कारण पर्यटक भी नेचर कैम्प से मुंह फेर रहे थे, जिसकी वजह से विभाग को भी नुकसान हो रहा था।

### गेट पर लगाया था ताला

खोंदरा नेचर कैम्प को संभालने वाले पूर्व कर्मचारियों के अनुसार विभाग मेंटनेंस से हाथ खींच चुका है। इसकी वजह से गेट पर ताला लगाए जाने के कारण प्रतिदिन सैलानी भी मायूस लौट रहे थे। सैलानियों के नहीं होने और मेंटनेंस के अभाव में नेचर कैम्प उजड़ने लगा था, जिसके चारों ओर झाड़ियां और टेंट का बुरा हाल हो गया। तेज आंधी से टेंट उड़ जाते थे। टेंट के अंदर बिछाए कारपेट खराब हो गए और दरवाजे के चेन नहीं लग रहे थे।

### पहुंच मार्ग खराब होती है परेशानी

आरक्षित जंगल होने की वजह से वन विभाग नेचर कैम्प जाने के लिए बनी सड़क को नहीं बना सकता है। नेचर कैम्प जाने वाली सड़क ऐसी है कि मेन रोड से जंगल होते हुए टेंट तक 1 किलोमीटर का रास्ता पार करने में पर्यटकों को एक घंटे से अधिक का समय लग जाता है। उबड़ खाबड़ रास्ते को विभागीय अफसर बनाना नहीं चाहते हैं। वहीं एटीआर और कानन पेण्डारी जू दोनों जगह मिट्टी व मुरूम की सड़क पर पर्यटक आसानी से पहुंचकर भ्रमण का लुत्फ उठाते हैं।

### उद्देश्य नहीं हो सका पूरा

नेचर कैम्प बनाने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण व वनों के महत्व से अवगत करना, प्रकृति के संरक्षण व संवर्धन के प्रति रूचि जागृत करना और स्थानीय वनवासियों को ईको पर्यटन आधारित रोजगार से अवसर उपलब्ध कराना था। 10 साल बाद भी इसका उद्देश्य पूरा नहीं हो पाया। किसी भी स्कूल के छात्रों का कैंप यहां नहीं लगा और न ही उन्हें पर्यावरण की जानकारी दी गई।

### समिति कर रही संचालन

बोईरपड़ाव का नेचर कैँप की हालत काफी खराब हो चुकी थी। इसे संवारने के लिए कई बार बजट की मांग भी की गई। अब नेचर कैंप को समिति को दे दिया गया है। समिति इसको संवारने के साथ संचालन भी कर रही है। इससे समिति के सदस्यों को रोजगार भी मिल रहा है।

**-शुभम मिश्रा**, रेंजर, वन मंडल बिलासपुर

**अनदेखी का शिकार हुआ पूरा प्रक्षेत्र:** ली जा सकती थीं कई फसलें, लेकिन एक फसल भी नहीं

# सीसल प्रक्षेत्र की चार ट्यूबवेल वाली 75 एकड़ जमीन 'बंजर'

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा रोड में चोरभट्ठी के पहले कृषि विभाग द्वारा स्थापित सीसल प्रक्षेत्र अनदेखी का शिकार हो चुका है। कहने को तो यहां 75 एकड़ खेती की जमीन है, लेकिन फिलहाल बंजर हालत में है। जिले के किसानों को उन्नत खेती-किसानी के सूत्र बताने वाला कृषि विभाग अपनी ही जमीन पर उन्नत खेती तो दूर, सामान्य खेती तक नहीं कर पा रहा है।

जिले में खेती-किसानी की उन्नत तकनीक का पता लगाकर किसानों तक पहुंचाने एवं किसानों की आर्थिक स्थिति में मजबूती लाने के उद्देश्य से स्थापित किया गया कृषि विभाग अपने ही सीसल प्रक्षेत्र में खेती नहीं कर पा रहा है। चोरभट्ठी स्थित यह प्रक्षेत्र वैसे तो तीन सौ एकड़ में फैला है, लेकिन खेती लायक जमीन यहां 75 एकड़ ही है। खेदजनक बात यह है कि यहां खेती केवल दस प्रतिशत हिस्से में ही जिंदा रह गई है। शेष भूमि बारह महीने बंजर पड़ी रहती है।

ऐसा भी नहीं है कि यहां सिंचाई के साधन मौजूद नहीं है। यहां चार-चार ट्यूबवैल स्थापित किए गए हैं। प्रक्षेत्र को व्यवस्थित रखने यहां एक पूर्णकालिक सहायक संचालक का पद भी सृजित किया गया है, लेकिन न तो यहां अधिकारी का पता है, और न ही कर्मचारियों का। सारा कामकाज मनमर्जी से चल रहा है।



सीसल प्रक्षेत्र की बंजर पड़ी जमीन।







**चार माह से झांकने तक नहीं आए अधिकारी**

सीसल प्रक्षेत्र का अतिरिक्त प्रभार सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी को दिया गया है। दिक्कत यह है कि जिनको सीसल प्रक्षेत्र का प्रभार सौंपा गया है वे ही यहां का प्रभार लेने के दिनांक से आज तक प्रक्षेत्र में नहीं आए हैं। यही कारण है कि यहां कर्मचारियों की भी उपस्थिति नहीं रहती। कर्मचारी अपनी सुविधा के अनुसार प्रक्षेत्र में आना-जाना करते हैं।

### फसल व सोलर पंप के प्लेट की चोरी

सीसल प्रक्षेत्र का क्षेत्र काफी विस्तृत है। कहने को तो यहां चौकीदार की नियुक्ति की गई है, लेकिन यहां की निगरानी एक चौकीदार के भरोसे संभव नहीं है। विभाग के ही अधिकारियों का कहना है कि यहां चोरों द्वारा लगाई गई फसल की चोरी कर ली जाती है। इतना ही नहीं, बल्कि चोरों ने बीते दिनों प्रक्षेत्र के भीतर लगे सोलर पंप की प्लेट चोरी कर ली। परिसर में वर्ष 2006-07 में की गई फैंसिंग भी पूरी तरह जीर्ण-शीर्ण हो चुकी है, जिससे रात में जंगली व पालतू पशु प्रक्षेत्र में प्रवेश कर फसलों को नुकसान पहुंचा देते हैं।

### शासन को पत्र लिखा गया है

प्रक्षेत्र में फैंसिंग नहीं होने के कारण पशुओं से फसल को नुकसान हो जाता है। बीते दिनों चोरों ने पंप की प्लेट भी चोरी कर ली। फैंसिंग के लिए शासन को पत्र लिखा गया है। वर्तमान में 8 एकड़ में सरसों की फसल ली गई है। प्रक्षेत्र प्रभारी दोहरे प्रभार में हैं, लेकिन समय-समय पर उन्हें निरीक्षण करना चाहिए। उनके एक बार भी प्रक्षेत्र नहीं जाने की जानकारी नहीं है। यदि वे नहीं गए हैं तो अनुचित है।

**-पीडी हथेश्वर**, डीडीए

# सीयू के छात्र ने किया आत्मदाह का प्रयास, हालत गंभीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के बीए-एलएलबी फोर्थ सेमेस्टर के छात्र आयुष यादव ने गुरुवार को अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा ली, जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर पेट्रोलिंग वाहन से गंभीर स्थिति में छात्र को लेकर सिम्स पहुंची, जहां से उसे अपोलो रिफर कर दिया गया। छात्र की स्थिति गंभीर बनी हुई है, वहीं इस घटना से यूनिवर्सिटी में आज सनसनी फैली रही।

छात्र आयुष मूलतः उत्तर प्रदेश निवासी है, वह यहां कोनी के रिवर व्यू स्थित प्राइवेट हास्टल में रहकर गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में बीए-एलएलबी फोर्थ सेमेस्टर की पढ़ाई कर रहा था। बताया जा रहा है कि आज से छात्र की परीक्षा शुरू होने वाली थी, उससे पूर्व छात्र ने कोनी स्थिति निजी हास्टल में अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। यह घटना सुबह 10-11 बजे के बीच है। घटना के बाद आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, उसके बाद कोनी पुलिस थाना में सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस पेट्रोलिंग वाहन से गंभीर रूप से झुलसे में छात्र आयुष यादव को लेकर सिम्स पहुंची। देखते ही देखते सिम्स में यूनिवर्सिटी के छात्रों की भीड़ लग गई थी। लेकिन उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सिम्स के डाक्टरों ने छात्र को अपोलो रिफर कर दिया। अपोलो में छात्र का इलाज चल रहा है। उधर इस घटना को लेकर यूनिवर्सिटी में आज सनसनी फैली रही और सभी छात्र के आत्मदाह के प्रयास के पीछे की वजह जानने में लगे रहे।

### कारण नहीं पता चला है

छात्र द्वारा खुद पर आग लगाकर आत्मदाह के प्रयास की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी और पेट्रोलिंग वाहन से छात्र को सिम्स ले जाया गया, जहां से अपोलो रिफर कर दिया गया है। छात्र की गंभीर स्थिति को देखते हुए डाक्टरों ने आज बयान लेने से मना कर दिया गया, इसलिए आज बयान नहीं हो पाया है। छात्र का मोबाइल सीज कर लिया गया है और घटना के पीछे कारण का अभी पता नहीं चला है।

**भावेश शेंडे**, टीआई, कोनी थाना

### प्राइवेट हास्टल में रहता था

छात्र आयुष याद्व उत्तर प्रदेश का है जो यहां कोनी के प्राईवेट हास्टल में रहता था। वह बीए-एलएलबी फोर्थ सेमेस्टर की पढ़ाई कर रहा है, उसने यूनिवर्सिटी से बाहर अपने प्राईवेट हास्टल में खुद पर आग लगा लिया। इस मामले की पुलिस जांच कर रही है और छात्र का अपोलो में ईलाज चल रहा है। घटना के पीछे कारण अभी पता नहीं चला है।

**प्रो. मनीष श्रीवास्तव**, मीडिया प्रभारी, सीयू

# स्मार्ट मीटर ने बढ़ाया बिजली विभाग का राजस्व

**बिलासपुर**। स्मार्ट मीटर से बिजली विभाग वसूली अभियान गति पड़ रहा है, राजस्व में बढ़ोत्तरी अब स्मार्ट मीटर के सहारे ही की जा रही है। बिजली विभाग ने पश्चिमी डिवीजन के लिए 1136 उपभोक्ताओं से 2 करोड़ 11 लाख का लक्ष्य रखा था, जिसे पूरा करते हुए 772 उपभोक्ताओं ने बिल का भुगतान कर दिया है। खास बात यह है कि 2 माह में बिजली बिल भुगतान नहीं होने पर रायपुर कार्यालय द्वारा तत्काल कनेक्शन बंद किया जा रहा है, जिससे घबराए उपभोक्ताओं द्वारा भुगतान करने में तत्परता दिखाया जा रहा है।

■ पश्चिमी डिवीजन ने वसूले 98 लाख रूपए

सूत्रों के अनुसार पश्चिमी डिवीजन में करीब 218 करोड़ का बकाया अभी भी बाकी है, मार्च करीब है ऐसे में उपभोक्ताओं से वसूली तेज कर दी गई है। 192 करोड़ 44 लाख रूपए की बकाया राशि सरकारी कार्यालय द्वारा भुगतान नहीं किया गया है। वहीं 26 करोड़ 31 लाख रूपए निजी उपभोक्ताओं से वसूल किया जाना है। विभाग द्वारा नॉन स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को सीधे तौर पर नोटिस थमा रहा है और कई जगहों पर डिस्कनेक्शन की कार्रवाई भी की जा रही है, लेकिन विभाग के लिए स्मार्ट मीटर बेहद सहुलियत साबित हो रहा है। पिछले एक हफ्ते में स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के कनेक्शन कटे है, इसका कारण समय पर बिजली बिल का भुगतान नहीं होना है, कनेक्शन कटने के बाद विभाग के खाते में 98 लाख रूपए जमा कराए गए है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि रायपुर कार्यालय द्वारा लंबित बिल पर नजर रखी जा रही है।

### पूर्व डिवीजन में 234 करोड़ का बकाया

जहां पश्चिमी डिवीजन में बकायादारों से ऑनलाइन तरीके से वसूली की जा रही है, वहीं पूर्व डिवीजन में 234 करोड़ रूपए का बकाया राशि लंबित है। इसके वसूलने के लिए कार्रवाई जारी है लेकिन फिर भी राशि के अनुपात पर वसूली कम है। सरकारी कार्यालय से ही विभाग को करीब 183 करोड़ रूपए की वसूली की जानी है।

### भुगतान नहीं होने पर सप्लाई बंद होती है

रायपुर कार्यालय द्वारा स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की बिजली सप्लाई बंद की जाती है, यह तभी होता है जब बिजली बिल का भुगतान नहीं हो पाता है। हमारे पास प्रकरण आने पर तत्काल राशि का भुगतान कराया जाता है और महज कुछ ही देर में कनेक्शन जोड़ दिया जाता है। यह प्रक्रिया ऑनलाइन है, इसमें देरी नहीं होती है।

**-भरत भूषण नेताम**, ईई, पश्चिमी डिवीजन

# आधी रात पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम, अस्पताल किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कलेक्टर के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम मस्तूरी क्षेत्र के निजी डे केयर अस्पताल को सील कर दिया है। इस दौरान अस्पताल में तीन मरीज भर्ती थे वहीं कोई भी डॉक्टर मौजूद नहीं था जिसे गंभीरता से लेते हुई सील करने की कार्यवाही की गई है।

मस्तूरी ब्लाक के जोंधरा में संचालित श्रीकेयर हॉस्पिटल में बीती रात स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा कारवाई की गई।अस्पताल में मेडिकल कौंसिल से पंजीकृत डॉक्टर की मौजूद नही थे। वहीं कलेक्टर को मिली शिकायत में कहा गया था कि अस्पताल में रात के समय मरीजों का ऑपरेशन किया जाता है। शिकायतकर्ता ने रात 8 बजे के बाद अस्पताल का निरीक्षण करने का निवेदन किया था। शिकायत संज्ञान में आने पर कलेक्टर ने संस्थान पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए थे। हॉस्पिटल संचालक ने नर्सिंग होम एक्ट के आवेदन में अपने संस्थान में चिकित्सक डॉ. जगेश कुमार वर्मा, डॉ. धरम प्रकाश साहू एवं डॉ. अनूप कुमार सहित पंजीकृत स्टाफ कार्यरत होने की जानकारी दी है। शिकायत के आधार पर श्रीकेयर हॉस्पिटल में खण्ड चिकित्सा अधिकारी मस्तूरी द्वारा रात 12 बजे अपनी टीम के साथ औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संस्थान में छ.ग. मेडिकल कौंसिल से पंजीकृत चिकित्सक एवं नर्सिंग कौंसिल / पैरामेडिकल कौंसिल से पंजीकृत स्टाफ कार्यरत होना नहीं पाया गया। निरीक्षण के दौरान 3 मरीज भर्ती पाए गए किंतु उनकी देखभाल एवं उपचार के लिए कोई डॉक्टर एवं स्टाफ ड्यूटी में मौजूद नहीं थे।

■ कलेक्टर के निर्देश पर मस्तूरी के डे केयर अस्पताल में टीम ने मारा छापा

निरीक्षण के दौरान रात्रि में अस्पताल संचालक मनोज पटेल एवं अन्य स्टॉफ मौजूद थे। अस्पताल मरीजों के भर्ती के लिए उपयुक्त नहीं पाए जाने पर रात में ही मरीजों को शासकीय अस्पतालों में रिफर कराया गया तथा खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संस्थान को सील कर दिया है।

### आरक्षक भर्ती में अनियमितता का आरोप अभ्यर्थी पैदल रायपुर के लिए रवाना

**बिलासपुर**। आरक्षक भर्ती में अनियमितता का आरोप लगाते हुए बड़ी संख्या में अभ्यर्थी ज्ञापन सौंपन के लिए शहर से पैदल रायपुर के लिए रवाना हो गए हैं। 15 जनवरी को अलग अलग जगहों से आरक्षक भर्ती से बाहर हुए बड़ी संख्या में अभ्यार्थी पुलिस ग्राउंड में एकत्रित हुए। उसके बाद आरक्षक भर्ती में अनियमितता का आरोप लगाते हुए पुलिस लाइन से रायपुर जाने के लिए पैदल रवाना हुए। जानकारी होने पर एडीशनल एसपी पंकज कुमार पटेल, सिविल लाइन टीआई एसआर साहू स्टाफ के साथ रास्ते में अभ्यार्थियों को रोककर समझाइस दी गई। किन्तु अभ्यार्थी अपनी मांग को लेकर रायपुर जाने के लिए अड़े रहे। उसके बाद अभ्यार्थी पैदल रायपुर के लिए रवाना हो गए है।

# चंद्रपुर कालेज में दो प्रोफेसरों ने प्रभारी प्राचार्य से की मारपीट, थाने में जुर्म दर्ज

**जांजगीर-चांपा**। चंद्रपुर स्थित महाविद्यालय में गुरूवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब कॉलेज के दो प्रोफेसरों द्वारा प्रभारी प्राचार्य के साथ कथित रूप से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया।

आरोप है कि प्रोफेसर लक्ष्मी प्रसाद एवं ऋषि कुमार चंद्रा ने प्रभारी प्राचार्य के साथ कार्यालय में ही बेरहमी से पिटाई की। घटना में प्रभारी प्राचार्य को गंभीर चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों व सूत्रों के अनुसार, मारपीट के दौरान डॉ. ऋषि कुमार चंद्रा




ने प्रभारी प्राचार्य की उंगली को दांत से काट लिया, जिससे उनकी उंगली में गंभीर चोट आई है। घटना के बाद कॉलेज परिसर में हड़कंप मच गया। घटना के संबंध में बताया गया कि प्रभारी प्राचार्य अपने कक्ष में मौजूद थे, तभी डॉ. चंद्रा उनके कक्ष के बाहर खड़े थे। जब प्रभारी प्राचार्य बाहर आए और वहां खड़े होने का कारण पूछा, तो इसी बात को लेकर वाद-विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि इसी दौरान डॉ. चंद्रा ने प्रभारी प्राचार्य पर छात्रों को नकल कराने जैसे गंभीर आरोप लगाए, जिसके बाद विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मारपीट की सूचना मिलते ही कॉलेज में हल्ला-गुल्ला शुरू हो गया।

# मड़वा पॉवर प्लांट में हादसा, घायल मजदूर ने अस्पताल में तोड़ा दम

**जांजगीर-चांपा**। मड़वा पॉवर प्लांट में काम करने के दौरान बास्केट सीलिंग पलटने की घटना हुई थी। इस घटना में ठेका श्रमिक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे गंभीर स्थिति में चांपा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बुधवार 14 जनवरी को मड़वा प्लांट में कार्यरत प्राइवेट ठेका कंपनी दत्ता कंस्ट्रक्शन में काम करने वाले मजदूर गणेश राम यादव की ड्यूटी के दौरान हादसे में जान चली गई। बताया जा रहा है कि साइट पर काम करते समय बास्केट सीलिंग पलटने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की खबर मिलते ही



मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल मजदूर को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। मृतक की पहचान गणेश राम यादव पिता लखनलाल यादव, उम्र 42 वर्ष, निवासी चुहिया, थाना बालको, जिला कोरबा के रूप में हुई है। हादसे में उसे कमर और दाहिनी आंख में गंभीर चोटें आई थीं। आनन-फानन में उसे चांपा के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को शासकीय बीडीएम अस्पताल पहुंचाया, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### सुरेन्द्र एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन के बने प्रदेश महामंत्री



**कोरबा।** गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार नवरंग ने राजा गुरुबालक दास शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसमुण्डा में व्याख्याता हिन्दी के पद पर कार्यरत डॉ सुरेन्द्र कुमार खूंटे को प्रदेश महामंत्री के पद पर नियुक्त किया है।

### हरदीबाजार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बने कौशल श्रीवास



**हरदीबाजार।** कांग्रेस संगठन को मजबूती देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए हरदीबाजार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी कौशल श्रीवास को सौंपी गई है। कांग्रेस संगठन द्वारा जारी सूची में उनके नाम की घोषणा होते ही क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

### बोईदा के सरपंच ने शांतिनगर स्कूल को दिया ब्लूटूथ स्पीकर



**हरदीबाजार।** ग्राम पंचायत बोईदा के सरपंच संजय राज के द्वारा सांस्कृतिक गतिविधि को आगे बढ़ाने एवं बच्चों में सर्वांगीण विकास की ओर पहल करते हुए शास. प्राथमिक शाला शांतिनगर बोईदा को ब्लूटूथ ट्रॉली स्पीकर प्रदान किया गया। जो स्कूल में होने वाले बैठक,शैक्षणिक गतिविधि एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए उपयोगी है। ब्लूटूथ ट्रॉली स्पीकर,चॉकलेट एवं प्रोत्साहन राशि पा कर बच्चों में खुशी का माहौल देखने को मिला।सरपंच संजय राज ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधि में सहभागिता जरूरी है।

### सीएसपीजीसीएल का भविष्य उज्ज्वल और स्वर्णिम : कटियार



**कोरबा।** सीनियर क्लब परिसर में रविवार को भक्ति, परंपरा और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। अवसर था प्रेरणा महिला मंडल द्वारा आयोजित आनंद मेला का इस वर्ष दक्षिण भारतीय हार्वेस्ट फेस्टिवल ओणम की छटा बिखेरी गई हवा में गजरे की भीनी खुशबू और कानों में गूंजते पवित्र मंत्रों के स्वर के बीच उत्सव का आगाज हुआ। मेले का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एस.के. कटियार एवं प्रथम महिला श्रीमती प्रभा कटियार ने रिबन काटकर किया। सेल्फी पॉइंट पर ही दक्षिण भारतीय परंपरा के प्रतीक नारियल पानी, केले कटहल चिप्स ,उन्नियप्पम, नारियल लड्डू, और चावल से बने विभिन्न पकवानों का प्रदर्शन किया गया। इसके पश्चात बच्चों ने मनमोहक स्वागत नृत्य पेश किया। अतिथियों ने मेले के आकर्षक स्टॉल्स का भ्रमण किया। प्रबंध निदेशक एस.के. कटियार ने कहा कि सीएसपीजीसीएल का भविष्य उज्ज्वल और स्वर्णिम है। श्रीमती प्रभा कटियार ने संदेश दिया कि महिलाओं को कभी कम नहीं आंकना चाहिए, जिम्मेदारी मिलने पर वे सब कुछ कर सकती हैं। उन्होंने 40 वर्षों की यादें साझा करते हुए बताया कि कैसे पहले हम आनंद मेंला में अपना खुद सारा काम करते थे, स्टॉल सजावट और बच्चों को संभालने की जिम्मेदारी भी निभाते थे। आयोजन को सफल बनाने में उपाध्यक्ष श्रीमती राजेश्वरी रावत, श्रीमती मालती जोशी, श्रीमती अनु सरना, श्रीमती रेशमी सेन चौधरी, श्रीमती विभा कुरनाल, सचिव श्रीमती पूनम भगत, कोषाध्यक्ष श्रीमती रश्मि साहू, सह-सचिव श्रीमती भारती खरे व श्रीमती रजनी अग्रवाल आदि ने सहयोग किया।

# रोवर रेंजर जम्बूरी : कोरबा का चिमनीनुमा गेट रहा आर्कषण का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जम्बूरी में कोरबा के प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी छाप छोड़ी। कोरबा कंटिजेंट का चिमनीनुमा जिला गेट आर्कषण का केन्द्र रहा। जिला बालोद के दुधली में 9 से 13 जनवरी तक छत्तीसगढ़ की मेजबानी में प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जम्बूरी का आयोजन हुआ। इसमें स्काउटिंग के 36 राज्यों से लगभग 15 हजार की संख्या में सीनियर स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स, लीडर्स सहित राज्य एवं राष्ट्रीय मुख्यालय के पदाधिकारियों तथा स्टॉफ ने भागीदारी की। पड़ोसी देश श्रीलंका के रोवर्स, रेंजर्स सम्मिलित हुए।

अलग खबर

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव सहित अन्य गणमान्यजनों ने अतिथि के तौर पर उपस्थिति दी और युवाओं का मार्गदर्शन किया। युवा शक्ति से राष्ट्र निर्माण थीम को लेकर आयोजित हुई जम्बूरी में सांस्कृतिक आदान प्रदान के कार्यक्रमों और एथनिक फैशन शो- ट्रायबल कार्निवाल ने लोगों का दिल जीत लिया। यूथ पार्लियामेंट में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह शामिल हुए। रोवर्स, रेंजर्स ने संसद सदस्य की भूमिका निभाई। प्रदर्शनी के माध्यम से कला- संस्कृति का प्रदर्शन किया गया। कैम्प क्राफ्ट, गेट, बैंड डिस्प्ले, कैम्प फायर, मार्च पास्ट, लोक नृत्य, चलित झांकी, एडवेंचर, फूड प्लाजा, कम्यूनिटी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट, फन गेम्स आदि गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं में भागीदारी की गई। कोरबा जिले से दो सौ से अधिक संख्या में सीनियर स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स एवं लीडर्स ने जम्बूरी में भागीदारी की।

## जिले से सीनियर स्काउट्स, गाइड्स रोवर्स रेंजर्स ने की भागीदारी

**खास बातें**

- राज्य स्तरीय जम्बूरी में जिले के स्काउट गाइड ने लिया प्रशिक्षण
- 9 से 13 जनवरी तक हुआ आयोजन




### बालको में राम मंदिर घाट में हुई सरयू आरती, कई स्थानों पर पतंगबाजी का भी आयोजन

# दान पुण्य और भोग भंडारे के साथ मनाया गया मकर संक्रांति का पर्व




कटघोरा में महागौरी मंदिर में किया गया भोग वितरण।



राम मंदिर घाट में की गई सरयू नदी आरती।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सूर्य के उत्तरायण होने पर मनाया जाने वाला मकर संक्रांति का पर्व दान पुण्य और भोग भंडारे के साथ मनाया गया। इस दौरान राम मंदिर बालको छठघाट में सरयू आरती का आयोजन किया गया। वहीं मंदिरों के साथ सामाजिक संस्थाओं के द्वारा भोग भंडारे और वस्त्रदान की परंपरा का निर्वहन किया गया। कुछ स्थानों में बच्चों के द्वारा पतंगबाजी भी की गई।

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर नगर के अग्रसेन नगर में प्रसिद्ध माँ महागौरी मंदिर परिसर में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जो श्रद्धा, सेवा और समर्पण का अनुपम उदाहरण बना यह भंडारा सुबह से प्रारम्भ होकर देर शाम तक लगातार चलता रहा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं श्रद्धालु पहले माँ महागौरी माता के दर्शन कर रहे थे और फिर प्रसाद स्वरूप भंडारे का लाभ ले रहे थे पूरा मंदिर परिसर भक्ति, श्रद्धा और सेवा भाव से सराबोर दिखाई दिया। भंडारे में बूंदी, पूड़ी, सब्ज़ी, खिचड़ी सहित अन्य प्रसाद वितरित किया गया, जिसकी व्यवस्था सभी नगरवासियों के द्वारा अत्यंत सुव्यवस्थित एवं स्वच्छ रूप में की गई थी मंदिर समिति एवं स्वयं सेवकों द्वारा पूरे आयोजन को अनुशासित व व्यवस्थित ढंग से संचालित किया गया, जिससे किसी भी श्रद्धालु को असुविधा नहीं हुई

मंदिर प्रांगण में भक्तों की भारी भीड़ होने के बावजूद शांति एवं भक्ति का वातावरण बना रहा आयोजन में नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर समिति ने इस सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगकर्ताओं, और सेवाभावी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक और सामाजिक आयोजन समाज में एकता, सेवा और सद्भाव को बढ़ावा देते हैं। मकर संक्रांति के इस पावन अवसर पर आयोजित यह भंडारा कटघोरा नगर के लिए एक यादगार धार्मिक आयोजन बन गया।

## बालको में 5100 दीपों के साथ हुआ दुग्धाभिषेक और महाआरती



अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 14 जनवरी को बालको के श्रीराम मंदिर छठघाट पर सरयू अयोध्या महाआरती का ऐतिहासिक आयोजन संपन्न हुआ। विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल बालको प्रखंड द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भक्ति और उत्साह का ऐसा अनूठा संगम देखने को मिला। जिसने बालको वासियों को अयोध्या के दिव्य वातावरण का अनुभव करा दिया। इस आयोजन में महापौर संजू देवी राजपूत, जिला भाजपाध्यक्ष गोपाल मोदी, पार्षद नरेंद्र देवांगन, हीतानंद अग्रवाल,अजय विश्वकर्मा, दिलेंद्र यादव और लोकेश चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे। भाजपा, विहिप और बजरंग दल के पदाधिकारियों व सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख भूमिका निभाई। घाट पर एक साथ 5100 दीपों की लौ ने अंधेरे को चीरते हुए सुख-समृद्धि का संदेश दिया। 51 यजमानों द्वारा सविधि रुद्राभिषेक संपन्न किया गया और 108 पुष्पांजलि अर्पित की गई।

## मानव सेवा मिशन ने पहाड़ी कोरवा को बांटे कंबल



संस्कार और सेवा के संगम मकर संक्रांति के पावन अवसर पर समाजसेवी संस्था मानव सेवा मिशन ने मानवता की एक अनूठी इबारत लिखी। भीषण ठंड और शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए, मिशन ने अपने सेवा अभियान के सातवें चरण में सुदूर वनांचल में बसे विशेष पिछड़ी जनजाति 'पहाड़ी कोरवा' ग्राम छातासरई में स्नेह और ऊष्मा का वितरण किया। अजगरबहार आदर्श ग्राम के प्राथमिक शाला एवं आंगनबाड़ी में जब मिशन के सदस्य पहुँचे, तो बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। मिशन द्वारा न केवल स्कूली छात्र-छात्राओं को, बल्कि गांव के समस्त छोटे बच्चों को नूतन स्वेटर प्रदान किए गए। साथ ही, ठिठुरते बुजुर्गों को कंबल ओढ़ाकर उनका आशीर्वाद लिया गया। नए और गर्म कपड़े पाकर बच्चों के चेहरों पर जो निश्छल मुस्कान बिखरी, उसने मिशन के ध्येय को सार्थक कर दिया। ग्रामीणों ने भावुक होकर कहा कि वनांचलों में इस तरह की सुध लेने वाले कम ही लोग होते हैं।





छात्रावास में छात्रों को संबोधित करते पुलिस अधिकारी।

# लायन्स क्लब कटघोरा-छुरी ने छात्रावास में बांटा राशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

लायन्स क्लब कटघोरा-छुरी द्वारा सामाजिक सरोकार निभाते हुए माँ महामाया देवी, खुटरीगढ़ स्थित भारत भवन छात्रावास में जरूरतमंद विद्यार्थियों के पालन पोषण के लिए जरूरत एव उपयुक्त राशन वितरण कार्यक्रम का आयोजन नगर निरीक्षक कटघोरा धर्मनारायण तिवारी के मुख्य अतिथि में सम्पन्न किया गया इस अवसर पर नगर निरीक्षक बांगो वर्मा, डिसट्रिक्ट पी आर एवं क्लब संरक्षक अजय धनोंदिया, क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल,कोषाध्यक्ष राकेश गोयल,उपाध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल स्पायर संस्था के संचालक उत्तम सस्ते मंच पर उपस्थित रहे सर्वप्रथम स्पायर संस्था के संचालक ने छात्रावास में संचालित गतिविधियों के बारे में अवगत कराया ततपश्चात क्लब के द्वारा इस सेवा कार्य में छात्रावास में बड़ी संख्या में छात्राओं को आवश्यक खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। क्लब के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा कि समाज के जरूरत मंद वर्ग, विशेषकर बच्चों की मदद करना ही क्लब का मुख्य उद्देश्य है और भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर किये जाते रहेंगे कार्यक्रम में क्लब के सदस्य के सांथ छात्रावास से उत्तम सस्ते,आदित्य साहू,रामसिंग कंवर,शिक्षिका पिंकी बंजारे,रेखा केंवट के सांथ पत्रकार शशिकांत डिकसेना एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी केंद्रीय विद्यालय में लगी यातायात की क्लास



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रोड सेफ्टी अवेयरनेस मंथ कोरबा सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत 31 जनवरी तक जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ट्रैफिक पुलिस द्वारा एनटीपीसी टाउनशिप स्थित केंद्रीय विद्यालय में ट्रैफिक अवेयरनेस कैंपेन का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत 250 से अधिक विद्यार्थियों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा एवं साइबर अपराध से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य एस.के. साहू तथा अन्य शिक्षकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। ट्रैफिक डीएसपी डी.के. सिंह के नेतृत्व में ट्रैफिक इंस्पेक्टर तेज कुमार, सब इंस्पेक्टर आर.एन. रात्रे, सउनि मनोज राठौर, ईश्वर लहरे, हेड कांस्टेबल लीलाधर चंद्र, कांस्टेबल अरुण भट्टपहरे, खेम साहू एवं संतोष सिंह ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ट्रैफिक रूल्स हर नागरिक के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। छोटे शहरों से लेकर महानगरों तक सुरक्षित आवागमन के लिए नियमों की जानकारी और उनका पालन बेहद जरूरी है। सड़क दुर्घटनाओं से बचाव में यातायात नियम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर यह भी बताया गया कि देश में पिछले वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में लगभग 1 लाख 78 हजार से अधिक लोगों की मौत हुई, जो किसी भी अन्य आपदा की तुलना में कहीं अधिक है। इन आंकड़ों को देखते हुए सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करना समय की आवश्यकता है।

# पीएम आवास का निर्माण 30 मार्च कर पूर्ण करने के दिए गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पंचायत कोरबा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग ने गुरुवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख योजनाओं—प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, पीएम जनमन, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन एवं जिला खनिज संस्थान न्यास - डीएमएफ के कार्यों की गहन समीक्षा बैठक ली।

बैठक में सीईओ श्री नाग ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की ग्राम पंचायतवार विस्तृत समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि आवास निर्माण कार्यों में प्रगति लाई जाए। उन्होंने कहा कि प्रथम किश्त प्राप्त कर चुके सभी हितग्राहियों के आवास 30 मार्च तक हर हाल में पूर्ण कराए जाएं। शून्य प्रगति वाले मैदानी अमले के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी देते हुए उन्होंने योजना को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही जनपद पंचायत सीईओ एवं एसडीओ को नियमित समीक्षा और सतत निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। सीईओ ने पीएम जनमन योजना के अंतर्गत पीवीटीजी परिवारों के आवासों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। डीएमएफ मद से स्वीकृत जनहितैषी कार्यों जैसे- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आवासीय परिसर आदि में गुणवत्ता के साथ तेजी लाने तथा निरंतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालयों का निर्माण शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। श्री नाग ने एनआरएलएम के अंतर्गत वित्तीय समावेशन एवं प्रकरणों की बैंक स्वीकृति एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित करने को कहा। मनरेगा की समीक्षा में सीईओ ने आजीविका डबरी निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देने, तकनीकी प्रणाली के माध्यम से गुणवत्ता व पारदर्शिता सुनिश्चित करने कहा गया।

### तिल लड्डू का किया वितरण

**पाली।** बुधवार को पाली रोड स्थित शिव मंदिर परिसर में दीपका भाजपा मंडल उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी रोहित राठौर ने गुड़ तिल से बने मीठे पकवान तिल लड्डू का वितरण किया गया। इस अवसर पर उनके साथ आनंद राठौर भी उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### युक्तियुक्तकरण के...

स्कूल सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। यहां एक शिक्षक का पद ही खत्म कर दिया गया। अब एक मीडिल स्कूल में एचएम के साथ 3 शिक्षक के पद स्वीकृत किए गए हैं। इस तरह 4 पद ही स्वीकृत किए गए हैं जहां कभी 5 पद हुआ करते थे। मीडिल स्कूलों में शिक्षक के पद कम होने के साथ 5 पीरियड पढ़ाने के लिए शिक्षकों की कमी हो गई और ऐसी स्थिति में जिले में शिक्षा विभाग को बीते 2 वर्ष से डीएमएफ मद से मानदेय शिक्षकों की भर्ती करना पड़ा। तब जाकर मीडिल स्कूल की लड़खड़ाती शिक्षा व्यवस्था पटरी पर आ सकती। वर्तमान में ऐसे दूरस्थ मीडिल स्कूल जहां शिक्षक सेटअप के अनुसार नहीं थे। ऐसे दूरस्थ क्षेत्रों के स्कूलों में जुलाई महीने में मानदेय शिक्षकों की भर्ती की गई। जिनके द्वारा अध्यापन कार्य कराया जा रहा है।

### जंगली सुअर...

को रस्सी की सहायता से सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर स्वस्थ स्थिति में कुंआ से बाहर निकालकर वनाधिकारियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में जंगल में छोड़ा गया। रेस्क्यू में रघुनाथ सिंह राठिया, वनक्षेत्रपाल, बीरेश कुमार शुक्ला, वनक्षेत्रपाल, प्रतीक तिवारी, बीएफओ, कपिल कुमार कंवर, बीएफओ विजयेन्द्र कुमार नेटी, बीएफओ एवं सुरक्षा श्रमिक उपस्थित रहे।

### हाईटेंशन तार...

बजे कार्य करने के दौरान ऊपर से गए 132 केवी विद्युत प्रवाहित तार की जद में आने से छत्रपाल मरकाम और सुबोध राठिया गंभीर रूप से झुलस गए। शार्ट सर्किट की आवाज सुनकर काम करने वाले व आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। मजदूरों के विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से आसपास बस्ती के आधा दर्जन घरों में शॉर्ट सर्किट हो गई जिसके कारण घरों के कई उपकरण भी जल गये हैं। घटना की सूचना मिलने पर सीएसईबी चौकी प्रभारी भीम सेन यादव दलबल सहित मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से झुलसे छत्रपाल मरकाम और सुबोध राठिया को उपचार के लिए जिला मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है।

**शपथ पत्र**

मैं कुसुम कान्ति एक्का उम्र 52 वर्ष पिता जुनस एक्का जाति उरांव ग्राम होली क्रॉस स्कूल मोरगा तहसील पोड़ी उपरोड़ा जिला कोरबा छग की हूं जो कि निम्न ब्यान करती हूं कि :-

01/ यह कि मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है मेरा आधारकार्ड क्रमांक 8162 2059 4585 है।

02/ यह कि मेरी शिक्षण प्रपत्र कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं सन 1989 एवं 1991 में उत्तीर्ण की हूं। जिस पर मेरी नाम अंग्रेजी में KUSUM KANTI EKKA दर्ज है। जो भी सत्य एवं सही है।

03/ यह कि अब मेरी नाम कुसुम कान्ति एक्का एवं कुमारी कुसुम कान्ति एक्का दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है। अब मुझे आधार कार्ड के अनुसार नाम कुसुम कान्ति एक्का पिता जुनस एक्का के नाम से पढ़ा व लिखा जाये।

अस्तु शपथ पत्र पासपोर्ट जारी कराने हेतु वास्तविक नाम कुसुम कान्ति एक्का के नाम संबंधि सुधार बाबत ईश्तहार हेतु प्रेषित है।

**शपथकर्ता**
**कुसुम कान्ति एक्का**

### पीएमजीएसवाय सड़कों का जिले में होगा नवनिर्माण, अधिकारियों की टीम ने लिया जायजा

# पुरानी सड़कों की मरम्मत होने के साथ नई सड़कें भी बनेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्रामीण अंचलों में पीएमजीएसवाय सड़कों के मरम्मत और नवनिर्माण की प्रक्रिया शुरु की जाएगी। विभागीय अधिकारियों की टीम ने गुरुवार को कटघोरा और पाली क्षेत्र का दौरा कर सड़कों का जायजा लेते हुए विभाग के कार्यपालन अभियंता से जिले के अन्य क्षेत्रों की कार्ययोजना पर चर्चा की।

पिछले कुछ समय से पीएमजीएसवाय सड़कों के मरम्मत और नवनिर्माण योजना पर काम रुका हुआ था। बजट स्वीकृति होने के बाद से अब ऐसे क्षेत्रों में पीएमजीएसवाय सड़कों का निर्माण होगा। जहां तक कच्चे पहुंच मार्ग बने हुए थे साथ ही बारिश के मौसम में सड़कों को हुई क्षति का भी आंकलन करने के लिए रायपुर से अधिकारियों की टीम जिले में पहुंचकर पाली और कटघोरा क्षेत्र का दौरा किया उनके साथ पीएमजीएसवाय के कार्यपालन अभियंता सी बी एस तंवर ने पाली और कटघोरा क्षेत्र की सड़कों के संबंध में जानकारियां दी। पाली और पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड की कई सड़कें इस वर्ष की बारिश में बह गई थी। जिसकी वजह से बारिश बीतने के दो माह बाद भी सड़कों के मरम्मत का काम शुरु नहीं हुआ था। बजट के अभाव में सड़क के मरम्मत और नवनिर्माण का काम लंबे समय से लटका हुआ था जिनके मरम्मत को लेकर बजट जारी होने के बाद सड़कों के निर्माण का रास्ता खुल गया है।




फाइल फोटो

## पीडब्ल्यूडी से हैंडओवर हुई है पीएमजीएसवाय को

जिले की 12 बड़ी और प्रमुख सड़क जिनका निर्माण लोक निर्माण विभाग के द्वारा कराया गया था। ये वो सड़क हैं जो जिले के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में आवागमन के लिए बनाई गई थी। अब इन सड़कों को पीएमजीएसवाय को हैंडओवर कर दिया गया है। हालांकि यह प्रक्रिया काफी पहले पूर्ण हुई है। अब ग्रामीण अंचलों की सभी सड़कों का काम पीएमजीएसवाय के द्वारा ही किया जा रहा है। इसके तहत पीडब्ल्यूडी की पुरानी सड़कें भी अब पीएमजीएसवाय के अधीन आ गई है।

## खबर संक्षेप

### कनकेश्वरधाम कनकी में होगा मड़ई मेला व डांस प्रतियोगिता

**कोरबा।** ग्राम पंचायत कनकी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी युवा संगठन कनकेश्वर सेवा समिति के तत्वाधान में मड़ई मेला, डांस प्रतियोगिता का आयोजन 17 जनवरी को रखा गया है। मड़ई मेला 2 बजे से और डांस प्रतियोगिता रात्रि 8 बजे प्रारंभ होगी। डांस प्रतियोगिता में सामूहिक प्रथम आने वाले प्रतिभागी को 10 हजार एवं शिल्ड, द्वितीय पुरस्कार 7001 रु एवं शिल्ड श्रीमति सुषमा नरेंद्र राजवाड़े, तृतीय पुरस्कार 5001 एवं शिल्ड राजेश राजवाड़े प्रधानपाठक, चतुर्थ पुरस्कार 2001 एवं शिल्ड अजय देवांगन युगल, एकल प्रतिभागी में प्रथम पुरस्कार 3001 रु एवं शिल्ड कमलेश ट्रेडर्स, द्वितीय 2001 एवं शिल्ड विनोद राजवाड़े, तृतीय पुरस्कार 1001 हरि टेंट कनकी के तरफ से दिया जाएगा। वहीं चतुर्थ से पंचम तक के प्रतिभागी को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। संवेदना ब्लड एवं कंपोनेंट सेंटर द्वारा प्रतिभागियों को आकर्षक उपहार दिया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिपं सदस्य श्रीमति सावित्री अजय कंवर होंगे। अध्यक्षता श्रीमती सुषमा नरेंद्र राजवाड़े जनपद सदस्य करेंगे।

### अशरफ़ मेमन कटघोरा शहर गोरेलाल बने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष



**कटघोरा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश और मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक अहम और निर्णायक कदम उठाया है। प्रदेश कांग्रेस ने आज ब्लॉक एवं शहर स्तर के पदाधिकारियों की बहुप्रतीक्षित सूची जारी कर दी है। इस सूची में प्रदेशभर के 307 शहर और ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है, जिसमें पार्टी के प्रति अनुभव, निष्ठा और जमीनी पकड़ को प्राथमिकता दी गई है। इस सूची में कोरबा जिला खासतौर पर चर्चा में है, जहां कांग्रेस आलाकमान ने पुराने, भरोसेमंद और संघर्षशील नेताओं पर विश्वास जताया है। कटघोरा शहर कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशरफ़ मेमन को सौंपी गई है। कांग्रेस के शुरुआती दौर से पार्टी से जुड़े अशरफ़ मेमन का संगठन के प्रति समर्पण और संघर्ष का इतिहास बेहद लंबा और प्रभावशाली रहा है।

### दिव्यांग बच्चों को किया गया एजुकेशनल किट का वितरण



**कोरबा।** कलेक्ट्रेट कोरबा में समग्र शिक्षा अंतर्गत जिले के 5 पूर्ण दृष्टिबाधित दिव्यांग बालक-बालिकाओं को समावेशी शिक्षा के तहत समग्र शिक्षा रायपुर से प्राप्त एजुकेशनल किट (स्मार्टफोन, स्मार्ट केन, स्मार्ट वॉच, स्टडी एलईडी लैम्प, मोबाइल स्कैनर स्टैंड, सिग्नेचर गाइड, टॉकिंग कैलकुलेटर आदि) का वितरण किया गया। कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा बच्चों के शिक्षण में सहयोग, डिजिटाइजेशन को बढ़ावा देने और दिव्यांग विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से यह किट प्रदान की गई। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी टी.पी. उपाध्याय, जिला मिशन समन्वयक बल्लभ दास वैष्णव, बीआरपी (समावेशी शिक्षक) जावेद अख्तर, ज्वाला सिंह सोलंकी एवं श्रीमती अरुणा शर्मा उपस्थित रहे। एक कदम और एनजीओ से श्री आशुतोष ने समन्वय में सहयोग प्रदान किया।

### जायसवाल को मिली पीएचडी की उपाधि



**कोरबा।** डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय ने शासकीय मुकुटधर पांडे महाविद्यालय कटघोरा के गणित विभाग के सहायक प्राध्यापक यशवंत जायसवाल को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। यशवंत ने स्टडी ऑफ इंटिग्रेल ट्रांसफार्म विथ मल्टीवेरिएबल फंक्शन एण्ड देयर एप्लीकेशन विषय पर अपना शोध किया है। यशवन्त जयसवाल ने अपना शोध कार्य डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. डी. एस. सिंह के निर्देशन और डॉ दिलीप जायसवाल के सहायक निर्देशन में पूरा किया।

### पाली महोत्सव हेतु रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित

**कोरबा।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दो दिवसीय पाली महोत्सव 2026 (सामुदायिक आदिवासी कला, हस्तशिल्प एवं सांस्कृतिक प्रोत्साहन) कार्यक्रम का 15 एवं 16 फरवरी को विकासखंड पाली के ग्राम केराझरिया में किया जायेगा। जिसमें स्थानीय संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ देश की विभिन्न संस्कृतियों से परिचय कराने तथा पर्यटन की संभावनाओं के विकास तथा प्रचार-प्रसार हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पाली महोत्सव 2026 में जिले के प्रतिष्ठित/खाति प्राप्त सांस्कृतिक कलाकार जो देशभक्ति, छत्तीसगढ़ी गीत, लोक नृत्य, नृत्य नाटिका, शास्त्रीय संगीत एवं गायन के अंतर्गत अपनी प्रस्तुत देना चाहते हैं उनसे निर्धारित प्रारूप अनुसार आवश्यक दस्वावेज/सीडी/पेन ड्राईव/गूगल फॉम में अपलोड/वेबसाईट लिंक, यूट्यूब लिंक इत्यादि सहित प्रविष्टि 12 फरवरी सायं 4 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा में आमंत्रित की गई है।

# बड़े बकायादारों के नाम होंगे सार्वजनिक, साथ ही सम्पत्ति, भवन, दुकान होंगे सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

## आयुक्त ने राजस्व वसूली कार्यप्रगति की समीक्षा की

**खास बातें**

- बड़े बकायदारों को राशि जमा करने दी गई हिदायत
- अधिकारियों को भी दिया गया निर्देश



**अलग खबर**

नगर पालिक निगम के बड़े बकायादारों द्वारा यदि तत्काल बकाया कर राशि निगम कोष में जमा नहीं कराई जाती तो उनके नाम सार्वजनिक किए जाएंगे तथा उनकी सम्पत्ति, भवन व दुकान आदि को सील किया जाएगा।

उक्त बातें निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम की राजस्व वसूली कार्यप्रगति की समीक्षा करते हुए करों की कम वसूली पर गहरी नाराजगी जताई तथा जिन बकायादारों द्वारा बकाया कर की राशि जमा नहीं कराई जा रही है। उन पर नियमों के तहत कड़ी कार्यवाही किए जाने, सम्पत्तियों को सील किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम में अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त नीरज कौशिक, सम्पत्तिकर अधिकारी अनिरूद्ध सिंह एवं निगम के राजस्व निरीक्षकों, उपनिरीक्षकों, सहायक राजस्व निरीक्षकों की उपस्थिति में राजस्व वसूली कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होने सम्पत्तिकर, समेकित कर, जलकर, शिक्षा उपकर, भवन, दुकान किराया सहित अन्य विभिन्न मदों के अंतर्गत प्राप्त होने वाले राजस्व के वसूली की कार्य प्रगति की जानकारी ली तथा वर्तमान तक की गई कर वसूली एवं बकाया कर राशि की जोनवार, वार्डवार विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विगत वर्षो की बकाया कर राशि सहित वर्तमान वर्ष की कर राशि की वसूली में अपेक्षित तेजी लाएं, बकायादारों से सतत संपर्क कर बकाया राशि निगम कोष में जमा करवाएं। आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों से कहा कि निगम के विकास व निर्माण कार्यो तथा नागरिक सेवाओं व सुविधाओं की निरंतर उपलब्धता बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि करदाताओं से निगम को प्राप्त होने वाले राजस्व की प्राप्ति नियमित रूप से हो तथा करों का भुगतान निगम कोष में समय पर किया जाए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने बकाया कर राशि की कम वसूली होने पर गहरी नाराजगी जाहिर की तथा बडे.बकायादारों की सूची तैयार कर नामों को सार्वजनिक करनें तथा उनकी सम्पत्ति, भवन, दुकान आदि को सील करने की नियमानुसार कार्यवाही त्वरित रूप से किए जाने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए।

### निगम के टेण्डर के लिए अयोग्य घोषित होंगे बकायादार

निगम के बड़े बकायादारों में ऐसे लोग भी शामिल हैं जो निगम में ठेकेदारी करते हैं तथा निगम से लगातार नियमित रूप से भुगतान भी प्राप्त करते हैं किन्तु उनके द्वारा सम्पत्तिकर व जलकर की राशि को निगम कोष में जमा नहीं कराया जा रहा, इसे गंभीरता से लेते हुए आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निगम में ठेकेदारी करने वाले ऐसे लोग जो बकायादार हैं, उनके द्वारा करों का भुगतान निगम को नहीं किया जा रहा है, ऐसे लोगों को निगम की टेण्डर प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अयोग्य घोषित करने की कार्यवाही सुनिश्चित कराएं।

## कोरबा वन मंडल के करतला रेंज का मामला, धान खरीदी केंद्र में खदेड़ा गया हाथी को

# चचिया धान खरीदी केंद्र में जा धमका था दंतैल हाथी, नहीं कर पाया चट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के वनांचल क्षेत्र में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। देर रात एक दंतैल हाथी धान खाने के लिए धान खरीदी केंद्र जा धमका था और धान की बोरियों को गिराकर खाने की कोशिश कर रहा था कि इसी बीच केंद्र में उपस्थित कर्मी ने किसी तरह टार्च की रौशन दिखा कर हाथी को खदेड़ा गया जिससे खरीदी केंद्र में रखा धान बच गया अन्यथा कई बोरी धान को हाथी चट कर जाता है। इससे पहले भी हाथी इस खरीदी केंद्र में बीते वर्ष पहुंच चुका था। इस बार फिर से दंतैल हाथी ने इसकी शुरुआत कर दी है।

उल्लेखनीय है कि जिले के कोरबा और कटघोरा वनमंडल में विचरण कर रहा है। वहीं दूसरी ओर वनांचल क्षेत्र में भी धान खरीदी केंद्रों में जमकर खरीदी हो रही है। जहां केंद्रों में धान का भरपुर स्टॉक है, बताया जाता है कि कोरबा वन मंडल के करतला रेंज में विचरण कर रहा दंतैल



चचिया धान खरीदी केंद्र में घुसा था हाथी।

हाथी चचिया धान खरीदी केंद्र में रात के वक्त एक दंतैल हाथी आ धमका। हाथी के आने से एक बारगी दहशत का माहौल रहा लेकिन धान की रक्षा करने का प्रयास नहीं छोड़ा और हाथी को खदेड़ दिया। जब हाथी आया तो धान खरीदी केंद्र के कर्मचारी दहशत में आ गए लेकिन हिम्मत नहीं हारी। जब हाथी ने धान की बोरियों को गिराया तब वह नुकसान ना पहुंचाए इसके लिए मौजूद सभी लोगों ने मिलकर हाथी को टॉर्च की रोशनी दिखाकर हाथी को खदेड़ा गया और धान को बचाया गया। हाथी प्रभावित क्षेत्रों के धान खरीदी केन्द्रों में मौजूद धान का उठाव होने तक खतरा बना ही रहता है। हाथियों के आने से किसी बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता था। यह पहली घटना नहीं है कि धान खरीदी केंद्र में हाथी नहीं आया हो हाथी केन्द्र में घुसकर धान खा कर चले जाते हैं। हाथी जिन धान खरीदी केंद्र में जाता है विभाग और समिति के द्वारा धान उठाव को तेजी से प्राथमिकता दे रहे हैं।

### विभिन्न माध्यमों से ग्रामीणों को किया जा रहा अलर्ट

वन विभाग के एसडीओ आशीष खेलवार ने जानकारी देते हुए बताया कि हाथी मानव सह अस्तित्व जागरुकता कार्यक्रम, एंटी स्नेयर वाक, गज संकेत एप्प का उपयोग, जिला प्रशासन के कोटवारों से मुनादी, ग्रामों में व्हाटसअप ग्रुप के माध्यम से, प्रत्येक ग्रामों में वन प्रबंधन समिति की बैठक लेकर हाथी प्रभावित ग्रामों में हाथी ट्रेकिंग दल का गठन किया जा रहा है। जिससे समय रहते जन हानि को रोका जा सके।

# सर्पदंश से अधेड़ की तो अलाव की चपेट में आने से महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई है। जहां एक अधेड़ व्यक्ति को सर्प ने डस लिया तो वहीं दूसरी ओर रात को घर के भीतर अलाव जलाकर सो रही वृद्ध महिला अलाव की चपेट में आ गई थी। जहां इलाज के दौरान वृद्ध महिला की मौत हो गई है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

पहली घटना मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत घटित हुई है। कृष्णा नगर बस्ती में घटित हुई है। यहां निवासरत भूपेश महिलांगे 45 वर्ष पिता स्व श्याम सुंदर महिलांगे गुरुवार की सुबह दिशा मैदान के लिए गया हुआ था। किसी दौरान किसी जहरीले सर्प ने उसे डस लिया जब वह अपने घर के भीतर पहुंचा तो उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। जब उसने अपने परिजनों को उसकी जानकारी दी जिसके बाद उसे आनन फानन में उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना करतला थाना क्षेत्र के बड़मार में घटित हुई है। बताया जाता है कि रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आमाडाड़ निवासी गुरुवारिन बाई अघरिया 57 वर्ष पति बिहानू अगरिया कुछ माह पूर्व उसे लकवा मार दिया था जिसके बाद गुरुवारिन बाई अपने रिश्तेदार के घर करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़मार में रहती थी। 8 जनवरी की रात गुरुवारिन बाई अलाव जलाकर अपने कमरे पर सो रही थी कि इसी दौरान वह अलाव की चपेट में आ गई थी और बुरी तरह से झुलस गई थी जिसके बाद उसे उपचार के लिए करतला स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया गया था जहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया था पिछले कई दिनों से गुरुवार का उपचार मेडिकल हॉस्पिटल में चल रहा था और गुरुवार को इलाज के दौरान गुरुवारिन बाई की मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ दिलवाएं नागरिकों को : संजूदेवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनहितैषी योजना प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ निगम क्षेत्र के नागरिकबंधुओं को दिलाने हेतु जोनवार शिविर का आयोजन करें तथा वार्ड पार्षदों से समन्वय बनाकर नागरिकों को योजना का अधिकतम लाभ दिलाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराएं।

उक्त बातें महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने विद्युत कम्पनी व निगम के अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कही। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आयुक्त आशुतोष पाण्डेय व सभापति नूतन सिंह ठाकुर की उपस्थिति में निगम के वार्ड पार्षदों व अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में वरिष्ठ पार्षद अशोक चावलानी, नरेन्द्र देवांगन, एम.आई.सी.सदस्य हितानंद अग्रवाल सहित अन्य पार्षद, जनप्रतिनिधिगण व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी व जनकल्याणकारी योजना है, इस योजना का लाभ सभी नागरिकों को मिले तथा प्रधानमंत्री श्री मोदी की मंशा के अनुरूप आमजन बिजली बिल के भार से मुक्त हों, उन्हें मुफ्त



बैठक में निर्देश देतीं महापौर संजूदेवी राजपूत।

में बिजली मिले, उनके घरों में लगाए गए सोलर पैनल से उत्पन्न अतिरिक्त बिजली से उन्हें आय भी हों, इस हेतु हम सबका दायित्व है कि हम आमजन को योजना की पूरी जानकारी दें, योजना के लाभों से उन्हें अवगत कराएं तथा योजना का लाभ उन्हें प्राप्त हों, इस हेतु अपनी सहभागिता सुनिश्चित कराएं। महापौर श्रीमती राजपूत ने बैठक में उपस्थित विद्युत कम्पनी के अधिकारियों व निगम के अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि इस हेतु शीघ्र एक अभियान चलाएं, समुचित कार्ययोजना बनाकर जोनवार शिविरों का आयोजन करें तथा वार्ड पार्षदों से समन्वय स्थापित कर लोगों को योजना का अधिकतम लाभ दिलाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। बैठक में दी गई योजना की जानकारी- बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी कोरबा के कार्यपालन अभियंता (शहर) रोशन वर्मा ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की विस्तार से जानकारी वार्ड पार्षदों को उपलब्ध कराई।

### मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजनांतर्गत मिली स्वीकृति

बैठक के दौरान वरिष्ठ पार्षद अशोक चावलानी व अन्य पार्षदों द्वारा जानकारी चाहे जाने पर कार्यपालन अभियंता रोशन वर्मा ने बताया कि वार्डो में विद्युत विस्तार, अतिरिक्त खंभों की आवश्यकता आदि के संबंध में समय-समय पर वार्ड पार्षदों व नगर निगम कोरबा द्वारा दिए गए आवेदनों के अनुरूप प्राक्कलन तैयार कर मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत स्वीकृत हेतु शासन को प्रेषित किया गया था, जिसकी स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान की जा चुकी है, अब शीघ्र ही कार्यादेश जारी कर कार्यप्रारंभ किए जाएंगे।

### अनुकंपा नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज

**कोरबा।** अनुकंपा नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी की घटना सामने आई है। पीड़ित व्यक्ति की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

बताया जाता है कि बिलासपुर पचपेड़ी निवासी सुनील कुर्रे पिता स्व बुधराम कुर्रे ने सीएसईबी चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके पिता बुधराम कुर्रे आबकारी विभाग में जिला जांजगीर चाम्पा में एडीओ के पद पर पदस्थ थे, इस दौरान स्वास्थ्य खराब होने पर उनकी मृत्यु वर्ष 2009 में हो गई है। मृत्यु पश्चात सुनील कुर्रे से अनुकंपा नौकरी नौकरी लगवा देने के नाम पर मोतीलाल मधुकर निवासी ग्राम तुलसी जांजगीर चाम्पा के द्वारा 2 लाख रुपये एवं योगेश देवांगन निवासी चारपारा कोहड़िया के द्वारा 3 लाख रुपये कुल 5 लाख रुपये लेकर धोखाधड़ी किया गया है मामले में सीएसईबी चौकी ने मोतीलाल मधुकर और योगेश देवांगन के विरुद्ध धारा 420, 34 भादवि के तहत धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलटा, बाल बाल बचे लोग

**कोरबा।** कटघोरा–अंबिकापुर मार्ग पर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-130 में गुरुवार की सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। अंबिकापुर से कटघोरा की ओर जा रहा तेज रफ्तार ट्रेलर गुरसिया के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे के दौरान ट्रेलर सीधे एक रिहायशी मकान की ओर बढ़ गया, लेकिन सौभाग्यवश मकान को कोई नुकसान नहीं हुआ। ट्रेलर मकान से सटे हाते में जाकर टकराया, जिससे घर और उसमें रह रहे लोग बाल-बाल बच गए।इस दुर्घटना में ट्रेलर चालक को मामूली चोटें आई हैं। हादसे में शामिल ट्रेलर का क्रमांक सीजी-04-एनयू-1303 बताया जा रहा है। घटना के बाद कुछ समय के लिए मार्ग पर अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई थी।




## गोंगपा खदान के विरोध में करेगी अनिश्चितकालीन धरना

# रानी अटारी रूंगटा माइंस के खिलाफ गोंगपा ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने जिले के रानीअटारी क्षेत्र में प्रस्तावित रूंगटा माइंस के खिलाफ अनिश्चितकालीन शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन का आह्वान किया है। पार्टी का कहना है कि स्थानीय ग्रामीणों की सहमति के बिना माइंस खोले जाने की प्रक्रिया की जा रही है, जो संविधान और आदिवासी अधिकारों का उल्लंघन है। इस आंदोलन का नेतृत्व जिला अध्यक्ष विद्वान सिंह मरकाम कर रहे हैं।

धरना-प्रदर्शन के ऐलान के साथ ही गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के पदाधिकारियों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि बताया



गोंगपा के पदाधिकारी।

गया कि रूंगटा कंपनी के लिए प्रभावित ग्राम पंचायत जलके और सेन्हा से गुप्त रूप से प्रस्ताव तैयार कर एसडीएम कार्यालय में पहले ही जमा किया जा चुका है। पार्टी ने आरोप लगाया कि इस पूरी प्रक्रिया में स्थानीय ग्रामीणों और पंचायतों की सहमति नहीं ली गई, जो गंभीर चिंता का विषय है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि कोरबा जिला भारतीय संविधान के अनुच्छेद 244(1) के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति अधिसूचित जिला है। ऐसे क्षेत्रों में शासन-प्रशासन का नियंत्रण और निर्णय प्रक्रिया आदिवासियों के हितों और सहमति के आधार पर होनी चाहिए। इसके बावजूद बिना ग्राम सभा की अनुमति और जनसुनवाई के माइंस खोलने की तैयारी की जा रही है, जो कानून और संविधान की भावना के खिलाफ है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने स्पष्ट किया है कि जब तक ग्रामीणों की सहमति के बिना माइंस खोलने की प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाई जाती और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। पार्टी ने प्रशासन से मांग की है कि आदिवासी अधिकारों की रक्षा की जाए और क्षेत्र में किसी भी प्रकार की खनन गतिविधि शुरू करने से पहले ग्राम सभाओं की स्पष्ट अनुमति सुनिश्चित की जाए।

